भारतमित्र
खबरों की नई पहचान
BHARATMITRA, KOLKATA, TUESDAY, 29 AUGUST, 2023

मायापुर इस्कॉन में अंतरराष्ट्रीय झूलन यात्रा की धूम

नदिया। हर साल की तरह इस साल भी इस्कॉन के मुख्य केंद्र श्रीधाम मायापुर में पांच दिन व्यापी अंतरराष्ट्रीय झूलन यात्रा महोत्सव की श्रीगणेश हुआ। यह आयोजन 31 अगस्त तक चलेगा। मायापुर इस वर्ष 39वां झूलन और राखी पूर्णिमा उत्सव मना रहा है। शाम पांच बजे चंद्रोदय मंदिर से रंगारंग संकीर्तन शोभायात्रा के साथ श्री श्री राधा माधव को झूलन मंडप ले जाया गया। कार्यक्रम रात 8.30 बजे तक चला। आरती, कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, दीप दान, हिंडोल खेल और प्रसाद वितरण इस दिन के विशेष कार्यक्रम थे। हर साल की तरह इस साल भी देश-विदेश से कई भक्तों ने इस उत्सव में भाग लिया। झूलन मंडप का निर्माण वर्ष भर किया जाता है। झूलन मंडप गुरुकुल और गौशाला के बगल में स्थित है।

इस्कॉन मायापुर के जनसंपर्क अधिकारी रसिक गौरांग दास ने संवाददाताओं से कहा कि झूलन प्रेम का त्योहार है, मिलन का त्योहार है, आत्मा और आत्मा के मिलन का त्योहार है। एक दूसरे को गले लगाने का त्योहार है। झूलन एवं राखी पूर्णिमा पर्व देशभक्ति, देशप्रेम एवं आध्यात्मिक विकास के पर्व हैं।